Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 07-05-2007

Participants : Thummar Shri Virjibhai

>

Title: Need to increase the production of Groundnut in the Country.

श्री वी.के. ठुम्मर (अमरेली) : महोदय, गुजरात के सौराट्र में मूंगफली का उत्पादन काफी मात्रा में होता था और यहां की मूंगफली उत्तम किस्म की होती थी, परन्तु धीरे-धीरे यहां पर मूंगफली का उत्पादन तेजी के साथ घट रहा है और राजकोट में जो राट्रीय मूंगफली अनुसंधान केन्द्र है, वह भी मूंगफली के अनुसंधान क्षेत्र में कोई भी कार्य नहीं कर पाया है। मूंगफली का उत्पादन कम होने से देश में खाद्य तेल की कमी हो रही है और खाद्य तेल का आयात बड़ी मात्रा में किया जा रहा है।

मेरा सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि मूंगफली के उत्पादन को बढ़ाने के लिए वह कोई कदम उठाये और मूंगफली का उत्पादन कम क्यों हो रहा है, इसकी जांच करवाई जाए।